हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 22 नवंबर 2025

04 वर्ष भर मेहनत के बाद थाना नाहर दरवाजा पुलिस को...

07 स्मार्ट मीटर और अवैध शराब की समस्याओं ...




## खबर संक्षेप में

### समाधान योजना के बकाया विद्युल बिल जमा करने जिले में लगेंगे कैंप

**नलखेड़ा।** मप्र शासन द्वारा प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को बकाया बिलों में राहत प्रदान करने सामाधान योजना संचालित है। 3 माह से अधिक बकाया बिजली बिल का भुगतान करने पर सरचार्च में राहत प्रदान की जा रही है। योजना को अधिक प्रभावी बनाने तथा अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ दिलाने के लिए विद्युत विभाग द्वारा जिले में कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। अधीक्षक यंत्री, म.प्र.प.क्षे.वि.वि कंपनी रत्नेश अयाची ने बताया कि समाधान योजना के तहत आगर संभाग अंतर्गत आगर शहर, आगर ग्रामीण, बड़ौद, कानड़, जयसिंहपुरा एवं तनोडिया के वितरण केंद्रों पर 28 नवंबर को महाकैंप लगाया जाएगा। सुसनेर संभाग अंतर्गत सुसनेर, मोड़ी, नलखेड़ा शहर, नलखेड़ा ग्रामीण एवं सोयत वितरण केंद्र पर 29 नवंबर को महा कैंप आयोजित होगा। जहां वितरण केन्द्र के अधिकारी एवं स्टॉफ उपस्थित रहेगा।

### ललित गांधी ने मुनिश्री का लिया आशीर्वाद

**नलखेड़ा।** महाराष्ट्र के जैन अल्पसंख्यक आर्थिक विकास महामंडल के अध्यक्ष ललित गांधी गुरुवार को नलखेड़ा से सुसनेर पहुंचे। जहां गांधी तथा सौरभ भंडारी (रतलाम), उमेश जैन (उन्हेल), राजेश कांठेड़ (नलखेड़ा) मुनि विवर्धन सागर महाराज व प्रवर्तक मुनि विश्व नायक म. सा. के दर्शन कर वंदन किया। मुनि श्री द्वारा गांधी को आचार्य विराग सागर द्वारा लिखित साहित्य भेंट किया गया।

## तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, कहा लंबे समय से मिल रहा सिर्फ आश्वासन

# गो भक्तों ने निकाली रैली, शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग तेज




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

कस्बे में डोकरपुरा क्षेत्र की शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने को लेकर विवाद एक बार फिर गरमाता दिखाई दे रहा है। इसी मुद्दे पर शुक्रवार को क्षेत्र के सैकड़ों गो भक्त और गो सेवा समिति के सदस्य बड़ी संख्या में सड़क पर उतरे। शिवाजी चौराहे से रैली निकालते हुए लोगों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। गो सेवा समिति का कहना है कि सर्वे नंबर 754 और 681 की सरकारी भूमि को लेकर वे गत 1 अगस्त को ज्ञापन दे चुके हैं। उसके बाद प्रशासन ने सितंबर माह में मात्र 15-16 बीघा भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया था। शेष भूमि पर उस समय सोयाबीन फसल बोई हुई थी, जिसके चलते अधिकारियों ने फसल कटाई के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था।



समिति के सदस्यों का आरोप है कि पिछले दो महीनों से वे लगातार संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर रहे हैं, परंतु हर बार केवल एक सप्ताह में कार्रवाई का भरोसा दिया जाता है, जबकि अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। रैली के दौरान गो भक्तों ने मांग रखी कि शेष भूमि को तुरंत अतिक्रमण मुक्त कर गोशाला के लिए आवंटित किया जाए। उनका कहना है कि यदि यह भूमि गो संरक्षण के लिए उपलब्ध हो जाती है, तो क्षेत्र में आवारा और बीमार गोवंश की देखरेख प्रभावी ढंग से हो सकेगी। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करता, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि गो सेवा केवल चारा खिलाने या इलाज करवाने तक सीमित नहीं है, बल्कि गो माता के संरक्षण के लिए आवश्यक भूमि को सुरक्षित कराना भी हर गो भक्त की जिम्मेदारी है। रैली में क्षेत्र के कई गांवों से आए ग्रामीणों, युवाओं और गो सेवकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। ज्ञापन सौपे जाने के दौरान नलखेड़ा थाना प्रभारी नागेश यादव उपस्थित थे।

### इनका कहना है...

गोरक्षक समिति द्वारा गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाने के संबंध में ज्ञापन दिया गया है। पूर्व में गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाया गया था। कुछ भूमि शेष रही थी, जिसके सीमांकन की आवश्यकता है, सीमांकन करके अतिक्रमण हटवा दिया जाएगा।

**प्रियंक श्रीवास्तव,** तहसीलदार
नलखेड़ा जिला आगर मालवा

## बाल अपराध रोकथाम पर विद्यार्थियों को दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मुस्कान विशेष अभियान अंतर्गत पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशानुसार थानांतर्गत विद्यालयों में बाल सुरक्षा एवं अपराध रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नलखेड़ा क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थान में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को बाल सुरक्षा साइबर अपराध डिजिटल अरेस्ट गुड टच बैड टच पॉक्सो एक्ट और बाल तस्करी संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शासकीय विद्यालय गुदरावन में आयोजित सत्र में प्रधान आरक्षक ललित सारस्वत एवं आरक्षक मुकेश दांगी ने लगभग 150 छात्र-छात्राओं को 1098, 112, 1930 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग पॉक्सो कानून अनुचित स्पर्श की पहचान डिजिटल सुरक्षा और बाल अपराध रोकथाम की जानकारी दी गई। विद्यालय प्राचार्य आरती सोनी तथा शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### रावल फूलमाली समाज के अध्यक्ष नियुक्त

**नलखेड़ा।** फूलमाली समाज की बैठक में लालचंद रावल को सर्वानुमति से समाज का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया।



गुरुवार रात्रि को नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पर फूलमाली समाज की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज के अध्यक्ष के रूप में लालचंद रावल को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। रावल की नियुक्ति के बाद उपस्थित समाजजनों द्वारा उनका स्वागत किया गया।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड क्र. 921486145630 में मेरा नाम वर्षा गोयल (VERSHA GOYAL) पत्नि राजेन्द्र एवं मेरे मूल निवासी प्रमाण-पत्र में वर्षा गोयल पत्नि राजेन्द्र गोयल नाम अंकित है एवं मेरे वोटर आई.डी कार्ड लीला पत्नि राजेन्द्र एवं भूमि विक्रय पत्र में लीला बाई पत्नि राजेन्द्र कुमार एवं भूमि से संबंधित डायवर्सन दस्तावेज में लीला बाई उर्फ वर्षा नाम अंकित है एवं मेरी अंक सूची में लीला अग्रवाल नाम अंकित जो कि उक्त तीनों नाम मेरे ही है।
अतः प्रकाशन उपरांत मेरा नाम वर्षा गोयल उर्फ लीला के नाम से जाना व पहचाना जावे।



## विकासखंड स्तरीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण आयोजित

**नलखेड़ा।** संचालक व नियंत्रक राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार जिला परियोजना समन्वयक के आदेशानुसार नलखेड़ा विकासखण्ड अंतर्गत कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। सरस्वती विद्या मंदिर गुदरावन में वार्षिक कार्ययोजना 2026-2027, यू डाईस 2024-2025 में प्रदर्शित अधोसंरचना गैप, डाटा सुधार, उल्लास नवभारत साक्षरता 2011 के लक्ष्य के अनुरूप सर्वे कर एनआईएलपी एप पर असाक्षरों की इंट्री, शासन की विभिन्न योजनाओं को समय सीमा में पूर्ण करना ऑन लाइन डाईस बुक में सही सही डेटा प्रविष्ट आदि की जानकारी जिले से उपस्थिति उपयंत्री बापूलाल कमाली, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी व जिला सह समन्वयक साक्षरता मंगलेश सोनी द्वारा दी गई। उक्त कार्यशाला में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक, विकासखण्ड सह समन्वयक साक्षरता, जनशिक्षक, ऑपरेटर सभी संस्था प्रधान प्रा वि /मा वि आदि उपस्थित थे।

## राज्यसभा सांसद डॉ. लता वानखेड़े का किया स्वागत



**कानड़।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद उज्जैन संभाग की संगठन प्रभारी डॉ. लता वानखेड़े के आगर जिला प्रवास के दौरान कानड़ नगर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वानखेड़े भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रमों को गति देने के लिए आगर जिले के प्रवास पर हैं। वह सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पर होने पर विभिन्न कार्यक्रमों एवं मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में अपने कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर बैठक लेने हेतु आगर जिले के प्रवास पर थीं। इस दौरान कानड़ नगर में नगर पंचायत अध्यक्ष शिप्राबाई बाबूलाल बिजापारी, भाजपा जिला मंत्री कविता आशीष शर्मा, मंडल अध्यक्ष अंतरसिंह राजपूत जिला पंचायत सदस्य मुकेश केलकर द्वारा वानखेडे का दुपट्टा एवं गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया।

## एसआई आर कार्य में आई तेजी



**नलखेड़ा।** निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य करवाया जा रहा है जिसके अंतर्गत प्रथम चरण में मतदाताओ से गणना पत्रक भरवाए जा रहे हैं। यह कार्य 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक जारी रहेगा। अब जैसे जैसे अंतिम तारीख निकट आती जा रही है वैसे वैसे इस कार्य में तेजी आती जा रही है। एसआईआर के लिए बीएलओ द्वारा अधिकांश मतदाताओं को गणना पत्र दे दिए गए है जिन्हें भरकर अब मतदाता पुनः बीएलओ को दे रहे हैं। जैसे जैसे इसकी अंतिम तारीख नजदीक आती जा रही है वैसे वैसे अब मतदाता भी इस कार्य को प्राथमिकता से निपटाने में लग गए है। गणना पत्र भरने में मतदाताओ का सहयोग बीएलओ के साथ राजनैतिक दलों के बीएलए भी कर रहे हैं।

## जैन अल्पसंख्यक आर्थिक विकास महामंडल के अध्यक्ष गांधी पहुंचे नलखेड़ा

# बगलामुखी मंदिर पहुंचे, किया हवन अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

जैन अल्पसंख्यक आर्थिक विकास महामंडल के अध्यक्ष महाराष्ट्र राज्य मंत्री दर्जा ललित एस. गांधी सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। जहां उनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर हवन अनुष्ठान किया गया। नगर आगमन पर जैन समाजजनों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत कर सम्मान भी किया। गांधी नगर में जैन समाज के शोक संतप्त परिवार के यहां भी पहुंचे जहां उनके द्वारा शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। गुरुवार देर शाम को महाराष्ट्र



राज्य के जैन अल्पसख्यक आर्थिक विकास महामंडल के अध्यक्ष ललित एस. गांधी राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त नलखेड़ा पहुंचे। गांधी भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री साक्षी विक्रम सकलेचा के निवास पर पहुंचे जहां उनका तथा सौरभ भंडारी (रतलाम), उमेश जैन (उन्हेल), राजेश कांठेड़ (नलखेड़ा) का सकलेचा परिवार तथा जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप के राष्ट्रीय पदाधिकारी प्रशांत सकलेचा, जैन समाज के वरिष्ठ समाजसेवी अरविंद सिंघवी, तहसील प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेंद्र सकलेचा आदि जैन समाजजनों द्वारा स्वागत कर सम्मान किया गया। नवरत्न परिवार शाखा नलखेड़ा के सदस्यों द्वारा भी गांधी का नगर आगमन पर स्वागत कर सम्मान किया गया। गांधी नवरत्न परिवार के प्रदेश पदाधिकारी राकेश दुग्गड़ के निवास पर सौरभ भण्डारी (रतलाम), उमेश जैन(उन्हेल), राजेश कांठेड़ के साथ पहुंचे। जहां उनके द्वारा दुग्गड़ के पिता स्व. रूपचंद जी दुग्गड़ के निधन पर परिवार के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त कर स्व. दुग्गड़ को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

भाग्यशाली विजेताओं के नाम

**प्रथम पुरस्कार - (1 तोला, 5 नग) सोने का हार**

01. सुशीला पति स्व. श्री दीनबंधू , पता- बैगाटोला ईटार, खैरागढ़ (छ.ग.),
02. बिमला बाई साहू, पति श्री राम आसरा साहू, पता – आबादी पारा खपरी , धमतरी (छ.ग.),
03. हेमकांति गौतम पिता – स्व. श्री त्रिलोचन विश्वकर्मा, पता – रायपुर (छ.ग.)
04. साक्षी निषाद पिता – श्री प्रकाश निषाद, पता – शंकर नगर हाउस न. 455 धांगरडीपा रायगढ़ (छ.ग.)
05. प्रीती पति श्री रामचरण, पता – ग्राम किरना पोस्ट पंडरभाटा मुंगेली (छ.ग.),

**द्वितीय पुरस्कार - (1 स्कूटी, EV)**

उमा साहू पिता श्री जगन्नाथ साहू
पता – हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी , जगदलपुर बस्तर (छ.ग.),

**तृतीय पुरस्कार - (2 नग, रेफ्रीजरेटर)**

01. प्रीतम कुमार साहू पिता स्व. श्री कुम्भकरण साहू
पता – मोहदी धरसीवां रायपुर (छ.ग.)
02. निधि अग्रवाल पिता – श्री रतन अग्रवाल
पता लाल कुंआ हनुमान ताल जबलपुर (म.प्र.)

**चतुर्थ पुरस्कार - (3 नग, LED TV)**

01. कौशल दास मानिकपुरी पिता – हीरा दास मानिकपुरी, पता - शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.)
02. चित्रलेखा महंत पति शंकर दास महंत, पता – नीचे मोहल्ला बेलाकछार बालको नगर कोरबा (छ.ग.)
03. सुखदेव पाटिल पिता स्व. श्री नत्थू पाटिल, पता न्यू बाग़ मुगलिया भोपाल (म.प्र.)

**नियम शर्ते लागू***

1. भाग्यशाली पाठक कों अपना पहचान पत्र के साथ अखबार का वर्तमान मासिक बिल एवं जमा किये गए फार्मेट का ग्राहक प्रति लाना अनिवार्य हैं। 2. राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी नियम लागू होगा। 3. इस योजना के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्ते मान्य होगा। 4. हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 5. किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। 6. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### तालाब में गिरा बच्चा लोगों ने बचाई जान

**चापडा।** शुक्रवार दोपहर को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। नगर का साप्ताहिक बाजार होने के कारण पंचायत भवन के सामने दुकानें लगी हुई थी। वहीं एक बच्चा घूमते हुए तालाब के पास चला गया, जहां पर वह पानी में गिर गया,समीप ही दो व्यक्ति खड़े थे, उन्होंने जैसे ही बच्चे को पानी में गिरते देखा तुरंत दौड़े ओर बच्चे को पानी से बाहर निकाला। सूचना मिलने पर तत्काल डायल 112 पायलट रविन्द्र पटेल, आरक्षक अर्जुन सिंह मौके पर पहुंचे और बच्चे को डॉक्टर के पास ले गए। प्रधान आरक्षक सचिन कश्यप ने बताया कि बच्चा लक्ष्मी नगर निवासी प्रियांशु पिता कृष्णा माली है जो की अपने मामा के यहां रहता है। बच्चा अपने घर से खेलते हुए तालाब तरफ पहुंच गया ओर हादसे का शिकार हो गया। बच्चे का निजी अस्पताल में उपचार कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। बच्चा सकुशल है। पंचायत भवन के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में भी बच्चा तालाब की ओर जाता दिखाई दे रहा है।

### सीईओ ने बाल वाटिका का किया निरीक्षण

**देवास।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ज्योति शर्मा ने जनपद पंचायत देवास की ग्राम पंचायत दातोत्तर की बाल वाटिका का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश भी संबंधितों को दिए। सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम में ही "जल गंगा संवर्धन अभियान" अंतर्गत हितग्राही राजेश पिता दिनेशचंद के खेत पर बने खेत तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। सीईओ जिला पंचायत ने जनपद पंचायत देवास की ग्राम पंचायत साबूखेड़ी के होशियारी में "एक बगिया मां के नाम" परियोजनाएं अंतर्गत लगाए पौधें को निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। हितग्राही संगीता बाई, लालकुवांर बाई, बालूबाई ने अपने खेत अमरूद के एल-49 प्रजाति के पौधे लगाए।

### नायब तहसीलदार ने मंडलाध्यक्ष पर लगाए स्टाफ से अभद्रता करने के आरोप

# भाजपा मंडल अध्यक्ष के खिलाफ विधायक को नायब तहसीलदार ने दिया आवेदन

### मंडल अध्यक्ष यादव ने आरोपों को बताया निराधार, नामांतरण के लिए की जाती है रुपयों की मांग

- *विधानसभा बागली के जटाशंकर मंडल में एक नया मामला सामने आया है,जिसके बाद राजनीतिक गलियारों में कई प्रकार की चर्चा के दौर शुरू*
- *प्रशासनिक अधिकारी व सत्ताधारी पार्टी के संगठन के पदाधिकारी के बीच का विवाद खुले आम सामने दिखाई देने लगा अब आगे की कार्रवाई का इंतजार*

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा


विधानसभा बागली के जटाशंकर मंडल में एक नया मामला सामने आया है,जिसके बाद राजनीतिक गलियारों में कई प्रकार की चर्चा के दौर शुरू हो गए। प्रशासनिक अधिकारी व सत्ताधारी पार्टी के संगठन के पदाधिकारी के बीच का विवाद खुले आम सामने दिखाई देने लगा है या कहें कि ऐसे राजनीतिक संगठन के उपर एक प्रशासनिक अधिकारी ने गंभीर आरोप लगाएं जो संगठन हमेशा साफ-सुथरी छवि का दावा करता है। बागली में पहली बार किसी प्रशासनिक अधिकारी ने एक भाजपा संगठन के मंडल अध्यक्ष के खिलाफ विधायक को लिखित में शिकायत की है। बागली विधानसभा में पहली बार इतना बिगड़ा माहौल देखा जा रहा है। अनुभव विहिन नेतृत्व कर्ता नेता होने के कारण अब संगठन व पार्टी की छवि धूमिल होती दिखाई दे रही है। पार्टी संगठन के पदाधिकारियों कि नियुक्ति को अभी एक वर्ष भी नहीं हुआ है ओर विवादित चर्चाएं शुरू हो गई है। जानकारी अनुसार बागली तहसील में पदस्थ नायब तहसीलदार पीहू कुरील व्दारा विधायक बागली को जटाशंकर मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव के खिलाफ एक शिकायती पत्र लिखा गया।

आवेदन सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो क्षेत्र में हलचल मच गई और राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया। नायब तहसीलदार कुरील ने बताया कि जटाशंकर मंडल अध्यक्ष अध्यक्ष गोविंद यादव के खिलाफ कार्यालय में कार्यरत रीडर द्वारा लिखित शिकायत कर



निवेदन किया गया है की मंडल अध्यक्ष के विरुद्ध दंडात्मक कार्यावाही की जाए। जब नायब तहसीलदार कुरील द्वारा संज्ञान लेकर जांच की गई तो गोविंद यादव द्वारा मेरे विभाग के रीडर के साथ अभद्र और अशोभनीय दादागिरी पूर्ण व्यवहार किया जाना पाया गया है, इसके पूर्व भी कृष्णा परमार पटवारी तथा मधु राठौर भृत्य के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया है। नायब तहसीलदार ने आरोप लगाते हुए बताया कि मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव द्वारा अपने नाम व पद का रौब दिखाते हुए एवं खुद को भाजपा मंडल का अध्यक्ष होना बताते हुए मेरे विभाग के कर्मचारियों से मनमाने तरीके से काम करवाने हेतु दबाव बनाया जाता है तथा मेरे विभाग के कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज की जाती है।

गोविंद यादव द्वारा संपूर्ण स्टाफ व न्यायालय परिसर में मौजूद पक्षकारों के सामने न केवल न्यायालय की गरिमा को धूमिल किया जाता है अपितु आपका नाम तथा आपकी पार्टी व संघ के नाम का दुरुपयोग कर उसकी गरिमा को भी धूमिल किया जा रहा है। आवेदन में बताया गया है कि गोविंद यादव द्वारा तहसील कोर्ट में मेरे विभाग के कर्मचारियों के साथ, गाली-गलोच करना अभद्र, अशोभनीय, अपमानजनक भाषा का उपयोग कर करना न्यायालय की प्रतिष्ठा को धूमिल करना आईपीसी के साथ ही एसटी/ एससी एक्ट के तहत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है। यह भी कहा गया है कि यादव व्दारा विधायक व भाजपा संगठन के नाम का दुरुपयोग किया जा रहा है। पार्टी व संघ के नाम को भी गंभीर रूप से धूमिल किया जा रहा है। नायब तहसीलदार पीहू व्दारा जो आवेदन दिया गया है, उसमें मंडल अध्यक्ष के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मांग कि गई है कि गोविंद यादव का जो कृत्य है वह क्षमा किए जाने योग्य नहीं हैं, उनके विरुद्ध अतिशीघ्र योग्य वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु आदेश जारी किया जाए।



कार्यालय तहसीलदार तहसील बागली जिला–देवास म.प्र.

क्रमांक 1102/आर–1/2025 बागली दिनांक 17/11/2025

प्रति,

श्रीमान विधायक महोदय
विधानसभा क्षेत्र बागली जिला देवास मध्य प्रदेश

विषय – श्री गोविंद जी यादव जटाशंकर मण्डल अध्यक्ष बीजेपी के विरुद्ध लेखी शिकायत प्राप्त होने बाबद।

---000---

उपरोक्त विषय में लेख है कि यह कि आपके विधानसभा क्षेत्र के जटाशंकर मंडल अध्यक्ष श्री गोविंद यादव के विरुद्ध मेरे विभाग के रीडर द्वारा लिखित शिकायत कर निवेदन किया गया है की उनके विरुद्ध दंडत्मक कार्यावाही की जावे. ऐसी शिकायत मुझे प्राप्त हुई है, जिसमें मेरे द्वारा सज्ञान लेकर जांच की गई तो श्री गोविंद यादव द्वारा मेरे विभाग के रीडर के साथ अभद्र और अशोभनीय दादागिरी पूर्ण व्यवहार किया जाना पाया गया है, इसके पूर्व भी सुश्री कृष्णा परमार पटवारी तथा श्रीमती मधु राठौर भृत्य के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया है। श्री गोविंद यादव द्वारा आपके नाम व पद का रौब दिखाते हुए एवं खुद को भाजपा संघ व मंडल का अध्यक्ष होना बताते हुए मेरे विभाग के कर्मचारियों से मनमाने तरीके से काम करवाने हेतु दबाव बनाया जाता है तथा मेरे विभाग के कर्मचारियों के साथ गाली–गलौज की जाती है श्री गोविंद यादव द्वारा संपूर्ण स्टाफ व न्यायालय परिसर में मौजूद पक्षकारों के सामने न केवल न्यायालय की गरिमा को धूमिल किया जाता है अपितु आपका नाम तथा आपकी पार्टी व संघ के नाम का दुरुपयोग कर उसकी गरिमा को भी धूमिल किया जा रहा है।श्री गोविंद यादव द्वारा तहसील कोर्ट में मेरे विभाग के कर्मचारियों के साथ, गाली–गलोच करना अभद्र, अशोभनीय, अपमानजनक भाषा का उपयोग कर करना न्यायालय की प्रतिष्ठा को धूमिल करना 499 500 आईपीसी 356 बीएस 504 294 357 आईपीसी के साथ ही एसटी/एस सी एक्ट के तहत दण्डनीय अपराध की श्रेणी मे आता है। यह कि, माननीय आप हमारे क्षेत्र के सम्माननीय जनप्रतिनिधि हैं, एवं आप स्वयं,महिलाओं,सरकारी कर्मचारियों न्याय के साथ–साथ संपूर्ण जनता का भी सम्मान करना जानते हैं। ऐसी स्थिति में आप ही की पार्टी के गोविंद यादव द्वारा आपके नाम का दुरुपयोग करना उपरोक्त वर्णीत संपूर्ण कृत्य किया जाना कानून का अपमान तो है ही साथ ही आपके नाम आपकी पार्टी व संघ के नाम को भी गंभीर रूप से धूमिल किया जा रहा है

अतः श्रीमान से निवेदन है की श्री गोविंद यादव जैसे व्यक्ति जो किसी का सम्मान करना नहीं जानते, अपने पद की गरिमा नहीं जानते, आपकी पार्टी में किसी भी पद पर पदस्थ होना, आपकी पार्टी, बागली विधानसभा क्षेत्र की जनता, व अन्य लोगों के लिए भी हानिकारक है। श्रीमान से निवेदन है की श्री गोविंद यादव का जो कृत्य है वह क्षमा किये जाने योग्य नहीं हैं, उनके विरुद्ध अतिशीघ्र योग्य वैधानिक एवं दंडात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु आदेश जारी किया जावे।

तहसीलदार,
बागली जिला देवास (म.प्र.)

### सारे आरोप निराधार है

नायब तहसीलदार व्दारा मेरे खिलाफ जो आवेदन जारी किया गया है, वह निराधार है, मैं पार्टी के जिम्मेदार पद पर हूं। कार्यकर्ता व क्षेत्र के लोगों के काम कराने होते हैं, ऐसे में नामांतरण के मामलों में रुपयों की मांग की जाती है जिसका मैं विरोध करता हूं। उसी के चलते झूठी व भ्रामिक बातें बताई जा रही हैं। सारे आरोपी निराधार है।

**गोविंद यादव,** मंडल अध्यक्ष जटाशंकर

### मामला मेरे संज्ञान में

उक्त मामला मेरे संज्ञान में आया है जिसकी मेरे स्तर पर जांच की जा रही है। मंडल अध्यक्ष से की गई चर्चा के अनुसार प्रथम दृष्टि में जिन बातों को लेकर शिकायत की गई है, वह निराधार है। पूरे मामले की गंभीरता से जांच करने के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा।

**रायसिंह सेंधव,** भाजपा जिला अध्यक्ष देवास

# वर्ष भर मेहनत के बाद थाना नाहर दरवाजा पुलिस को मिली सफलता

### लूट के दो आरोपियों को पकड़ा



**देवास।** एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से चर्चा कर दी जानकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नाहर दरवाजा पुलिस ने लगभग डेढ़ साल पहले हुई लाखों की लूट का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और लूटा गया माल बरामद कर लिया है। यह घटना इंदौर-देवास बायपास पर हुई थी। शिकायतकर्ता ने नाहर दरवाजा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह दोपहर करीब 12:30 बजे अपनी मोटरसाइकिल से इंदौर से देवास आ रहा था।

इंदौर-देवास बायपास पर लक्की ढाबा और एचपी पंप के बीच सड़क किनारे खड़े होकर फोन पर बात करते समय दो अज्ञात बदमाश मोटरसाइकिल से उसके पास आए।रास्ता पूछने के बहाने रोककर पीटा, सामान लूटा बदमाशों ने पहले रास्ता पूछने के बहाने बात की, फिर मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे बदमाश ने फावड़े के हत्थे से उसके हेलमेट पर वार किया। विरोध करने पर दोनों बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की और धमकाकर उसकी मोटरसाइकिल,मोबाइल, लैपटॉप, कंपनी के दस्तावेजों वाला बैग, दो जीपीएस डिवाइस कवच और पर्स लूटकर फरार हो गए। नाहर दरवाजा थाने में धारा 309 (6) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर किया गया। एसपी पुनीत गेहलोद ने निर्देश पर थाना प्रभारी नाहर दरवाजा, निरीक्षक मंजू यादव के नेतृत्व में दो विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों ने तकनीकी और भौतिक साक्ष्य के साथ-साथ मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया।

सीसीटीवी फुटेज और विश्वसनीय मुखबिरों की सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। आरोपी अरुण कुशवाह को अहमदपुर, जिला सीहोर से और रंजीत कुशवाह को ग्राम माहौली, जिला भोपाल से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों से एक दोपहिया वाहन (बजाज एवेंजर), एक लैपटॉप और चार्जर, एक मोबाइल फोन और एटीएम कार्ड शामिल हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 2,20,000 रुपये है। गिरफ्तार आरोपियों में अरुण पिता करण सिंह कुशवाह (23 वर्ष, निवासी अहमदपुर, जिला सीहोर) और रंजीत पिता चैन सिंह कुशवाह (22 वर्ष, निवासी ग्राम माहौली, जिला भोपाल) शामिल हैं।

# अभिभाषक संघ की हुई एक दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




जिला अभिभाषक संघ द्वारा मेडिको लीगल केसेज आवश्यकता, प्रक्रिया एवं कियान्वयन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन एन.डी. मूंदडा चैंबर परिसर जिला न्यायालय देवास में गुरुवार को प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक दो सत्रों में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्र,विशेष न्यायधीश विकाश शर्मा, मेडिको लीगल इंस्टीट्यूट, भोपाल के पूर्व निदेशक डॉ. डी.के. सतपथी, स्टेट फॉरेन्सिक साइंस लेबोरेट्री मप्र के पूर्व निर्देशक डॉ. हर्ष शर्मा एवं देवास एडीशनल एसपी जयवीर सिंह भदौरिया थे।

अतिथियों का स्वागत संघ अध्यक्ष अशोक वर्मा व संघ पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ से किया। कार्यशाला में डॉ. डी.के. सतपथी जिन्होंने गैस त्रासदी की रात उन्होंने विषाक्तता के प्रभाव, पहचान, शवों की संख्या और दीर्घकालीन अध्ययन जैसी कई चुनौतियों के बीच उल्लेखनीय कार्य किया।

उनका अनुभव देश में फॉरेंसिक सेवाओं और आपदा प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण दृष्टिकोण प्रदान करता है। डॉ. सतपथी ने अधिवक्ताओं के बीच अपनी बात रखते हुए मेडिको-लीगल मामलों की जटिलताओं, प्रक्रियाओं और न्यायिक संदर्भ में उनकी उपयोगिता पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि सडक़ दुर्घटना, हत्या, आत्महत्या, यौन उत्पीडऩ, विषप्रयोग, घरेलू हिंसा और संदिग्ध मृत्यु जैसे मामलों में चिकित्सा और विधिक प्रक्रियाओं का समन्वय आवश्यक होता है। आज के दौर में अपराधों में वृद्धि, चिकित्सा लापरवाही के मामले और मानवाधिकार जागरूकता के चलते ऐसे मामलों का महत्व और भी बढ़ गया है। वैज्ञानिक विधियों द्वारा तैयार मेडिकल रिपोर्ट, पोस्टमार्टम, डीएनए जांच और चिकित्सीय प्रमाण न्यायिक निर्णय को प्रभावित करने में बड़ी भूमिका निभाते हैं।

वकीलों के लिए मेडिको-लीगल ज्ञान इसलिए आवश्यक है ताकि वे वैज्ञानिक साक्ष्यों का तकनीकी विश्लेषण कर सकें और न्यायालय में अपने पक्ष को अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर सकें। डॉ. हर्ष वर्मा जो कि फॉरेंसिक विज्ञान क्षेत्र में अपने 38 वर्षों के अनुभव है, जिसके आधार पर उन्होंने मेडिको-लीगल जांच की बारीकियों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला का संचालन सचिव अतुल पंड्या ने किया एवं आभार उपाध्यक्ष पंकज पंड्या ने माना। इस अवसर पर मुख्य रूप से संघ उपाध्यक्ष गीता शर्मा, कोषाध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह तोमर, पुस्कालय सचिव श्वेतांक शुक्ला सहित बडी संख्या में वरिष्ठ, कनिष्ठ एवं युवा अधिवक्ता बडी संख्या में शामिल हुए।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर सोनकच्छ में एकता पदयात्रा का कार्यक्रम किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



राष्ट्रीय एकता के प्रतीक लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वीं जयंती वर्ष के अवसर पर देवास जिले में सासंद महेन्द्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में सोनकच्छ में एकता पदयात्रा-यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। यूनिटी मार्च में बड़ी संख्या में छात्र, विद्यार्थी, खिलाड़ी, स्वायसेवी संगठनों, समाजसेवियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर सोनकच्छ विधायक डॉ राजेश सोनकर, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, रायसिंह सेंधव, राजेश यादव, मनीष जैन, महेश चौहान, जयेश पड़ियार, हेमंत देवड़ा, तेजसिंह बघेल, महेश पाटीदार, बहादुर पिलवानी, मनीष जैन, गौतम सिंह राजपूत, विजेंद्र सिंह राजपूत, हरेंद्र सिंह सेंधव, अनिल चावड़ा, नरेंद्र पाटीदार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में छात्र, खिलाड़ी, समाज सेवियों की सहभागीता रही। एकता पदयात्रा-यूनिटी मार्च के दौरान नशा मुक्ति, राष्ट्र की एकता एवं आत्मनिर्भर भारत की शपथ भी ली गई।सांसद सोलंकी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आज एकता पदयात्रा-यूनिटी मार्च का आयोजन देवास में किया जाएगा। पदयात्रा/एकता मार्च प्रातः 11 बजे श्रीमंत तुकोजी राव पवार स्टेडियम से प्रारंभ होकर, नाहर दरवाजा, नयापुरा मनकामनेश्वर, तीन बत्ती चौराहा, पीठा रोड, अलंकार चौराहा, सुतार बाखल, गोया, ए.बी रोड होते हुए सयाजी द्वार पर समापन होगा।

### ऑपरेशन मुस्कान विशेष अभियान के तहत चलाया गया जागरुकता कार्यक्रम

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किए जागरुकता कार्यक्रम






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मुख्यमंत्री मोहन यादव के आदेशानुसार दिनांक 01 नवम्बर 2025 से संपूर्ण प्रदेश में "ऑपरेशन मुस्कान" विशेष अभियान 01 माह की अवधि के लिए प्रारंभ किया गया है। जिस पर से पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना द्वारा उक्त अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य किशोरावस्था में घर से भागने वाले बालक-बालिकाओं की पतासाजी कर उन्हें सुरक्षित रूप से उनके परिजनों के सुपुर्द करना तथा समाज में इस समस्या के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाना है। जिले में यह अभियान के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उज्जैन ज़ोन उमेश जोगा एवं उप पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन रेंज नवनीत भसीन के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के नेतृत्व में प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमती सौम्या जैन,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात हरनारायण बाथम के दिशा निर्देश में समस्त एसडीओपी, थाना प्रभारी/चोकी प्रभारीगण द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जा रही है । अभियान के अंतर्गत पुलिस द्वारा न केवल लापता बच्चों की खोज हेतु सक्रिय पतासाजी की जा रही है, बल्कि प्रत्येक विद्यालय एवं महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को यह संदेश दिया जा रहा है कि किसी भी परिस्थिति में घर से भागना समस्या का समाधान नहीं है। साथ ही उन्हें जीवन की कठिन परिस्थितियों का सामना करने, संवाद स्थापित करने तथा सहायता प्राप्त करने के सकारात्मक उपायों से अवगत कराया जा रहा है।इसी क्रम में ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत देवास में चिमना बाई शासकीय स्कूल, थाना कन्नौद क्षेत्रांतर्गत संदीपनी स्कूल व थाना कांटाफोड़ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांटाफोड़ देवास में विद्यार्थियों के साथ संवाद कर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल,उप पुलिस अधीक्षक बबीता बामनिया,निरीक्षक सुनिता कटारा,अनुविभागीय अधिकारी कन्नौद आदित्य तिवारी एवं थाना प्रभारी कांटाफोड़ निरीक्षक दर्शना मुजाल्दे मय थाना बल द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित किया गया। सुमित अग्रवाल, आदित्य तिवारी, बबीता बामनिया एवं दर्शना मुजाल्दे ने किशोरावस्था में उत्पन्न मानसिक दबाव, पारिवारिक संवाद के महत्व एवं आत्मविश्वास बनाए रखने के तरीकों पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों से जीवन की कठिन परिस्थितियों का साहसपूर्वक सामना करने का आग्रह किया एवं स्कुली छात्र-छात्राओं को गुड टच-बैड टच संबंधित जानकारी एवं सायबर अवेयरनेस संबंधित जानकारी भी साझा की गई ।

# रैक प्वाइंट पर हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन का 02 हजार 515 मीट्रिक टन मिला यूरिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज के निर्देशन में जिले को लगातार उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है। उप संचालक कृषि गोपेश पाठक ने शुक्रवार को देवास रेक प्वाइंट पर हिन्दूस्तान उर्वरक एवं रसायन का 02 हजार 515 मीट्रिक टन यूरिया मिला है। इसी प्रकार हरदा रैक प्वाइंट से एनएफएल यूरिया 600 मीट्रिक टन कन्नौद, खातेगांव, सतवास तहसील के लिए भी लगातार उर्वरकों की आपूर्ति की गई है।उप संचालक कृषि ने बताया कि इस रबी सीजन में वर्तमान में यूरिया 36 हजार 500 मीट्रिक टन, डीएपी 15 हजार 315 मीट्रिक टन, एनपीके 10 हजार 376 मीट्रिक टन एवं सिंगल सुपर फास्फेट 35 हजार 120 मीट्रिक टन का भंडारण कर यूरिया 32 हजार 796 मीट्रिक टन, डीएपी 13 हजार 530 मीट्रिक टन,एनपीके 06 हजार मीट्रिक टन तथा सिंगल सुपर फॉस्फेट 17 हजार 714 मीट्रिक टन का वितरण कृषकों को किया जा चुका है।प्रशासन ने कृषकों से अपील है कि यूरिया शासन द्वारा निर्धारित मूल्य 266.50 रुपए पर उर्वरक का क्रय करें।

## खबर संक्षेप

### मालवा से जूते, दक्षिण एक्सप्रेस से मोबाइल फोन चोरी

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला सागर अंतर्गत थाना बीना की तहसील कुरबाई के बरबाई निवासी अर्पित जैन पुत्र कपिल कुमार जैन ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह 20 अक्टूबर को ट्रेन नं. 12920 मालवा एक्सप्रेस के कोच नं. एम-2 की बर्थ नं. 32 पर दिल्ली से बीना की यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान उसने अपना खाकी रंग का पेपर बैग जिसमें जूते कीमत 7 हजार रुपये सीट के नीचे रखकर सो गया। जब उसकी नींद खुली तो ललितपुर रेलवे स्टेशन आने वाला था। उसने देखा कि उसका पेपर बैग गायब था, काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला। जीआरपी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल अंतर्गत थाना टी.टी.नगर के व्यास हॉस्टल, तात्या टोपे स्पो कॉम्प्लेक्स में रहने वाले सुमित यादव पुत्र राममिलन ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 14 अगस्त को वह दतिया से भोपाल की यात्रा ट्रेन संख्या 12722 दक्षिण एक्सप्रेस के जनरल कोच में यात्रा कर रहा था। बताया कि उसने अपना मोबाइल फोन लोवर की जेब में रखा था और कोच में अधिक भीड़ होने के कारण वह खड़ा था। ललितपुर रेलवे स्टेशन आने पर यात्रियों की भीड़ कोच में चढ़ी। थोड़ी देर बाद जब उसने लोवर की जेब में अपना मोबाइल फोन देखा तो फोन गायब था। जीआरपी ने विवेचना शुरू कर दी।

### दौड़ पड़ी भैंस, गले में रस्सी फंसने से युवक की मौत

**ललितपुर।** एक किसान की भैंस के गले में बंधी रस्सी से गला फंसने के कारण मौत हो गई। यह हादसा गुरुवार शाम को हुआ, जब भैंस अचानक दौड़ पड़ी और किसान का गला रस्सी में फंस गया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली सदर के अंतर्गत ग्राम पटौराकलां निवासी 25 वर्षीय मंगल पुत्र भुजबल लोधी गुरुवार शाम अपने खेत पर भैंस चरा रहा था। उसने भैंस के गले में बंधी रस्सी का एक छोर अपने गले में डाला हुआ था। इसी दौरान भैंस ने अचानक दौड़ लगा दी, जिससे मंगल रस्सी के फंदे में फंसकर काफी दूर तक घिसटता चला गया। खेत पर काम कर रहे आसपास के परिजनों ने उसे देखा और तुरंत बचाने पहुंचे। हालांकि, तब तक मंगल गंभीर रूप से घायल हो चुका था। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे उसका पोस्टमॉर्टम हो सका। मृतक के चचेरे भाई शेर सिंह ने बताया कि मंगल अपने एक बहन और दो भाइयों में सबसे छोटा था। उसके एक पुत्र और एक पुत्री हैं। वह खेती-किसानी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदर अनुराग अवस्थी ने कहा, मामले की जांच की जा रही है।

### 3 प्रकरणों में आरोपियों पर नकद इनाम घोषित

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी ने तीन अलग-अलग मामलों में फरार आरोपियों की जानकारी देने वालों के लिए दो-दो हजार के इनाम की घोषणा की है। घोषित इनाम में महिला थाना विदिशा के अपराध के आरोपी कुबेर सिंह निवासी धामनोद थाना सिरोंज के अपराध के फरार आरोपी गंभीर पुत्र उत्तम बागड़ी और कल्ला पुत्र फूलसिंह बागड़ी, तथा शमशाबाद थाना के अपराध अज्ञात आरोपी की सूचना शामिल है।

### बीएलओ रघुवंशी ने 10 दिन में पूरा किया काम

**विदिशा।** निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाताओं के गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन में विधानसभा क्षेत्र 146 कुरवाई के मतदान केंद्र क्रमांक 140 गम्भीरिया के बीएलओ एवं प्राथमिक शिक्षक धर्मेंद्र रघुवंशी ने उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए मात्र 8–10 दिन में 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा कर लिया है। उन्होंने फॉर्म भरने में भी मदद की।

विरोध में उतरी समाजवादी महिला सभा, जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

# स्मार्ट मीटर और अवैध शराब की समस्याओं के निराकरण की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले की विभिन्न समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिलाध्यक्ष राजकुमारी गौतम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मुख्य रूप से विद्युत स्मार्ट मीटर, अवैध शराब बिक्री और शहर की सड़कों की बदहाल स्थिति से जुड़ी शिकायतें दर्ज की गईं। महिला सभा ने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि स्मार्ट मीटर से मनमाने ढंग से अधिक बिल आ रहा है, जबकि सामान्य मीटर से ऐसी शिकायत नहीं थी। कई उपभोक्ताओं को बिना उपयोग के भी भारी-भरकम बिल थमा दिए जा रहे हैं, जिससे जनता में आक्रोश बढ़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि स्मार्ट मीटरों को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि शहर और गाँवों के कई क्षेत्रों में खुलेआम अवैध शराब की बिक्री हो रही है, जिसे विशेषकर युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि शराब माफियाओं पर कठोर कार्रवाई कर अवैध कारोबार तत्काल रोका जाए।

#### सड़कों की स्थिति अत्यंत खराब बताई

इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल ने शहर की टूटी-फूटी सड़कों, गंदगी और नालियों की खराब स्थिति पर भी चिंता जताई। ज्ञापन में विशेषकर नेहरू नगर, सिद्धनपुरा, रामनगर, पिसनारी बाग, जुगपुरा सहित कई क्षेत्रों का उल्लेख किया गया, जहाँ सड़कों की स्थिति अत्यंत खराब बताई गई।

#### पाइप लाइन की खाइयों को भरवाया जाए

महिला सभा ने यह भी मांग रखी कि जगह-जगह खुदाई कर छोड़ी गई पानी पाइप लाइन की खाइयों को उचित तरीके से भरवाया जाए, ताकि दुर्घटनाओं की आशंका समाप्त हो सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि स्मार्ट मीटर बंद नहीं किए गए तथा अन्य समस्याओं पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो समाजवादी महिला सभा आंदोलन करने को बाध्य होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में भावना, नैना, सरोज देवी, प्रेम, मधु, बबीता, सोमेवती, कुसुम, जीरा, उषा, चंद्रा, माया सहित अनेक महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

तालाब की भूमि पर निर्माण

## नागरिकों ने की जांच व कब्जा हटाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर के मध्य स्थित प्राचीन सुम्मेरा तालाब की भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे और निर्माण को लेकर वरिष्ठ पत्रकार सुनील शर्मा नेतृत्व में जिलाधिकारी ललितपुर को शिकायत पत्र सौंपते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि जल निकायों की भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण पर्यावरण संरक्षण अधिनियम और एनजीटी के दिशा-निर्देशों के विपरीत है, फिर भी कुछ लोगों द्वारा तालाब की जमीन पर लगातार अवैध निर्माण किया जा रहा है। तालाब क्षेत्र में बिना किसी स्वीकृति के निर्माण करवाया जा रहा है, जिससे न केवल तालाब का प्राकृतिक स्वरूप नष्ट हो रहा है, बल्कि जल संचयन व पर्यावरण संरक्षण पर भी गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। पत्र में यह भी कहा गया है कि राजस्व अभिलेखों के अनुसार तालाब की भूमि सार्वजनिक (पब्लिक यूज़) के लिए सुरक्षित है, फिर भी नियमों की अनदेखी कर निजी निर्माण कार्य जारी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि तालाब की मूल सीमांकन रेखा का पालन नहीं किया जा रहा है और सरकारी संस्थाओं की अनुपस्थिति में अनधिकृत कब्ज़ा बढ़ता जा रहा है। इससे न केवल पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित हो रहा है, बल्कि बरसात के समय जलभराव और जल-प्रवाह बाधित होने की आशंकाएँ भी बढ़ रही हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि तालाब की भूमि का पुनः सीमांकन कराया जाए, अवैध कब्जे और निर्माण को तत्काल प्रभाव से रोका जाए, दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए, संबंधित विभागों को स्थल निरीक्षण के निर्देश दिए जाए, उन्होंने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो तालाब का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। उन्होंने आशा जताई कि प्रशासन इस गंभीर विषय पर शीघ्र संज्ञान लेकर उचित कदम उठाएगा। इस दौरान राजेश श्रीवास्तव, वेद प्रकाश लिटौरिया, अमित राठौर, चरन सिंह रामनगर, पंकज आदि मौजूद रहे।

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हिंदू जोड़ो यात्रा पर सवाल उठाए थे

## बजरंग सेना ने स्वामी प्रसाद का फूंका पुतला



**ललितपुर।** बजरंग सेना संगठन ने जिलाध्यक्ष डॉक्टर दीपक पस्तोर के नेतृत्व में सनातन धर्म हिंदुत्व का लगातार विरोध कर रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य का बजरंग सेना के सभी पदाधिकारियों ने पुतला जलाया दो दिन पूर्व दौरे पर आए स्वामी प्रसाद मौर्य ने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हिंदू जोड़ो यात्रा पर सवाल उठाए थे अपनी प्रेस वार्ता में स्वामी प्रसाद मौर्य ने श्री रामचरितमानस पर एक बार फिर अभद्र टिप्पणी की और बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पर राजद्रोह का मुकदमा दर्ज होने की बात कही थी जिससे आक्रोशित होकर हिंदूवादी संगठन बजरंग सेना में काफी आक्रोश था जिसको लेकर सभी सभी पदाधिकारी ने तुवन मंदिर से घंटाघर तक स्वामी प्रसाद मौर्य के पुतले को घसीटते हुए लातों जूते से मारते हुए थूकते हुए पुतले को घंटाघर पर जलाया गया। जिला प्रभारी धर्माचार्य प्रकोष्ठ अटल बिहारी दुबे ने ऐसे नेताओं को देश विरोधी ताकतों का एजेंट बताया ऐसे नेताओं को भारत सरकार को नजरबंद करना चाहिए।

नगर अध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव ने भारत देश के सभी हिन्दू नागरिकों से अपील की कि स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे नेताओं को चुनाव के समय हराकर सबक सिखाना है कि हिन्दू क्या है जिला मंत्री अजय दुबे ने कहा कि बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर हिन्दू हित में कार्य कर रहे है जो भी नेता उनका विरोध करेगा बजरंग सेना ऐसे ही उसका पुतला दहन करेगी। इस आयोजन में रामकुमार तिवारी, खुशाल समैया, राधे गोस्वामी दीपक, दीपक त्रिपाठी पंडा,सुशील श्रीवास्तव,जयराम सेन, दीपक नायक, अजय दुबे, जितेन्द्र नायक, मनीष दुबे गो पुत्र सेना, कपिल नायक, अनुराग विदुआ, श्याम दीक्षित, मोनू तिवारी,पवन चौबे, आदर्श दुबे, हर्ष श्रीवास्तव, अनुराग पटेरिया, रानू नामदेव, अभिराज पुरोहित, हेमंत वर्मा, विकास मिश्रा, आदर्श जोशी, जयकुमार पंथ, कैलाश कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, शिव कुमार चंदेल, राजेंद्र साहू आदि मौजूद थे।

एसपी ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर किया निरीक्षण

## अर्दली रूम के अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड एवं तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्म अवलोकन किया। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं में डायल-112, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, कंट्रोल रूम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव तथा संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की गई।

पश्चात डायल-112 के पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों (वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल) की कार्यशीलता तथा अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा-भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया तथा त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अर्दली रूम का आयोजन कर एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों का अवलोकन किया। विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, शिकायतों तथा लंबित पत्रावलियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया। एसपी ने परेड में सम्मिलित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुनकर, सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी पाली सुनील कुमार, प्रतिसार निरीक्षक जगदीशचन्द्र व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## जिले के विकास के लिए सितंबर तिमाही वित्त वर्ष 2025-26 में बांटा 173.06 करोड़ का ऋण




**ललितपुर ।** वित्त वर्ष 2025-2026 में लक्ष्य 282.31 के सापेक्ष 61.29 प्रतिशत 173.06 करोड़ रुपये ऋण वितरित किया जा चुका है ।जिलाधकरी की अध्यक्षता मे आयोजित वैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने इंडियन बैंक, यूनियन बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक एवं आई.डी.बी.आई बैंक को अउढ के सापेक्ष ऋण वितरण न होने व ऋणजमनुपात राष्ट्रीय मानक 60% से भी कम होने पर नाराजगी व्यक्त की एवं जिले के बाकी बैंकों ने अपने लक्ष्य प्राप्त किये जिस पर अध्यक्ष जी द्वारा संतोष जताया है। सभी बैंकों को निर्देशित किया गया है कि वे सभी गवर्नमेंट स्पांसर स्कीम को 25 तारीख से पहले निस्तारण करके खत्म करें, क्योंकि सभी स्कीम की स्पेसिफिक समीक्षा सीएम-बोर्ड के तहत की जा रही है। जिले का रैंकिंग खराब न हो, इसके लिए सभी बैंकों को अपनी कार्रवाई तेज करने का निर्देश दिया गया है। अगर जिले की रैंकिंग खराब होती है, तो संभावित बैंक के उच्च अधिकारियों को इसमें सामिल किया जायेगा।

अध्यक्ष के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में ऋण वितरण योजना वित्त वर्ष 2025-2026 की समीक्षा करते हुए सभी बैंक अधिकारी व सम्बंधित विभाग को निर्देश दिए कि लक्ष्य के सापेक्ष सभी विभागों को ऋण वितरण कर वांछित प्रगति सुनिश्चित करना होगा ।उन्होंने विभिन्न सरकार प्रायोजित योजनाओ की समीक्षा की जिसमें किसान क्रेडिट कार्ड , फसली ऋण , प्राथमिकता क्षेत्र ऋण ,उट युवा आदि अन्य सभी को योजना की प्रगति पर जोर देने के लिए प्रेरित किया । साथ ही बैंकर्स को क्रेडिट लिंकेज, सीएम युवा ऋण स्वीकृति के लंबित आवेदन को पूरा करने के लिए निर्देश दिए । समीक्षा के दौरान जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक रंजित कुमार ने सभी जिला समन्वयक को निर्देश दिए कि शाखा मे लंबित ऋण पत्रावलियो को जल्द से जल्द निपटान करें जिससे की जनपद रैंकिंग स्थिति में अतिशीघ्र सुधार हो सके एवं उ. प. शासन द्वारा संचालित स्वरोजगारपूरक एनआरएलएम रल्व्रह्, ढट स्वनिधी योजना सहित योजनाओं के अंतर्गत अधिक संख्या में पात्र को रोजगार उपलब्ध कराया जाए । बैठक में रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि विशाल यादव, अतिरंजन सिंह जिला विकास अधिकारी, यशराज सिंह उप कृषि निर्देशक, राजीव कुमार जिला कृषि अधिकारी, जमाल अख्तर ऊकउ, सलिल अर्कवंशी मुकेश पटेल, सतीशचन्द्र, फरएळक एवं विभिन्न बैंकों के जिला सम्न्वयक ,जिला स्तरीय अधिकारी मोजूद रहें । जिला न्यायालय के निर्देशानुसार, सभी बैंक एनपीए रिकवरी अभियान हेतु आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13 दिसंबर को मद्देनज़र रखते हुए अधिक से अधिक नोटिस संबंधित उधारकर्ताओं को प्रेषित करें तथा बैंक नियमों के अनुसार अधिक से अधिक प्रकरणों का ओटीएस/कम्प्रोमाइज़ के तहत निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

मेडीकल कॉलेज में सर्जरी शुरू

## डॉक्टरों की टीम ने निशुल्क बुजुर्ग के मुंह के कैंसर का जटिल ऑपरेशन किया

**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में चिकित्सकों की एक टीम ने प्राचार्य डा. मयंक शुक्ला के नेतृत्व में एक बुजुर्ग पुरूष के मुंह के कैंसर का निशुल्क जटिल ऑपरेशन कर उसे जीवन जीने का दूसरा मौका दिया। यह जिले में हुई इस तरह की पहली सर्जरी है, जिसने साबित कर दिया है, कि अब मुंह के कैंसर का इलाज इस छोटे शहर में भी संभव है। जिले के ग्राम मगरपुर निवासी 72 वर्षीय हनुमंत, जो पिछले कई महीनों से मुंह में एक छाले से, जो लगातार बढ़ रहा था एवं दर्द से परेशान थे। उन्होने कई डॉक्टरों से संपर्क किया, लेकिन हर जगह उन्हे यह सलाह मिली की इस गंभीर समस्या का इलाज सिर्फ बड़े शहरों में ही हो सकता है। आर्थिक तंगी के कारण उनका परिवार कहीं ओर जाने में असमर्थ था। निराशा के इस दौर में मरीज को उम्मीद की एक किरण तब दिखी जब वह मेडिकल कॉलेज पहुंचे, यहां दंतरोग विभाग में तैनात मैक्सिलोफेशियल सर्जन




डा.दीपिका कुमारी जैन ने गांठ की जांच की और पाया कि यह मुंह की गांठ कोई सामान्य गांठ नही थी। यह कैंसर की गांठ थी, जिसके लिए तुरन्त ऑपरेशन की जरूरत थी। विभागाध्यक्ष डा.प्रियंका गुवरैले के साथ डॉक्टरों की टीम में मुख्य सर्जन डा.दीपिका कुमारी जैन, सहायक सर्जन डा.कोकिल, डा.रितुल ने सर्जरी को सफलतापूर्वक किया। साथ में नर्सिंग स्टाफ प्रभा, दीप्ति एंव राजेन्द कुशवाहा शामिल रहे। डा.दीपिका ने फेशियल प्लास्टिक सर्जरी से चेहरे की चमड़ी से गाल का पुनः निर्माण भी किया।

गोष्ठियां व संगोष्ठियां आयोजित होंगी

## आज धूमधाम से मनाई जाएगी स्वर्गीय नेताजी मुलायम सिंह यादव की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

समाजवादी आंदोलन के पुरोधा, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं देश के पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव (नेताजी) की जयंती 22 नवम्बर को जिले में धूमधाम से मनाई जाएगी। प्रेस नोट के माध्यम से जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार नेता जी की जयंती पूरे उत्साह और सम्मान के साथ मनाई जानी चाहिए। पत्र में उल्लेख किया गया है कि मुलायम सिंह यादव की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम, विचार गोष्ठियाँ एवं संगोष्ठियाँ आयोजित कर उनके विचारों, संघर्षों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाना समाजवादी पार्टी का उद्देश्य है।जिलाध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी ब्लॉक अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जयंती को उत्साहपूर्वक मनाएँ और नेता जी के



सामाजिक न्याय, किसान हितैषी नीतियों, समावेशी विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों को जनचर्चा का हिस्सा बनाएं।उन्होंने अपील की कि सभी ब्लॉक स्तर पर वैचारिक कार्यक्रमों का आयोजन कर कार्यकर्ता श्रद्धेय नेता जी के विचारों पर चलने का संकल्प लें और उनके योगदान को नई पीढ़ी तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँ। उन्होंने बताया कि नेता जी मुलायम सिंह यादव ने उत्तर प्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री एवं केंद्र में रक्षा मंत्री के रूप में देश की राजनीति में ऐतिहासिक योगदान दिया है। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी राममूर्ति तिवारी ने दी है।

कॅरियर मार्गदर्शन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

## विद्यालय स्तर पर रोल आउट करने में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिला विद्यालय निरीक्षक सभागार में 20-21 नवंबर को दो दिवसीय गैर आवासीय कॅरियर मार्गदर्शन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का शुभारम्भ ओम प्रकाश जिला विद्यालय निरीक्षक ललितपुर की अध्यक्षता में प्रारम्भ किया गया।

कॅरियर गाइडेन्स प्रशिक्षण दिनेश कुमार, सहायक अध्यापक राहा वीर एवं मुकेश कुमार सहायक अध्यापक राइंका ललितपुर ने मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के नोडल शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों एवं प्रधानाचार्यों उपस्थित हुये। प्रशिक्षण के




दौरान विद्यालयों में कॅरियर मार्गदर्शन की रूपरेखा, उसमें प्रधानाचार्य की मुख्य जिम्मेदारियों, तथा इसे विद्यालय स्तर पर रोल आउट करने में आने वाली चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों को जीवन कौशल, तमन्ना टेस्ट, कॉमिक पुस्तकों की अहमियत तथा विद्यार्थियों की रुचि व योग्यता के आकलन से संबंधित प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य स्कूल स्तर पर प्रभावी कैरियर गाइडेंस व्यवस्था स्थापित करना और प्रधानाचार्यों व नोडल शिक्षकों को इसके सफल क्रियान्वयन हेतु सक्षम बनाना था। दोनों दिवसों की गतिविधियाँ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुईं और प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी एवं मार्गदर्शक बताया। प्रशिक्षण के अंत में जिला विद्यालय निरीक्षक ललितपुर एवं वित्त एवं लेखाधिकार कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक ललितपुर द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया और साथ में अपने बहुमूल्य विचारों से अवगत कराते हुए कैरियर मार्गदर्शन से संबंधित उत्तम उदाहरण के साथ हमें इसकी अहमियत को समझाया।

## 4 कारें और नकदी सहित मिले कई एटीएम कार्ड, यूपी और हरियाणा के हैं सभी आरोपी

# एटीएम स्वैपिंग कर ठगी करने वाली अंतरराज्यीय गैंग पकड़ाई, 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

एटीएम स्वैंपिंग कर आम लोगों के साथ ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का सारंगपुर - पचोर पुलिस ने भंडाफोड कर दिया है। सीधे साधे लोगों को टारगेट करने के लिए एक संयुक्त गिरोह के रूप में कार्य करते हुए काम किया करते थे। एटीएम में खडे होकर पासवर्ड देखना व विश्वास करने वाले आम आदमी का पलक झपकते ही एटीएम बदलकर लोगों की जमा पूंजी उडा दिया करते थे। पचोर व सारंगपुर पुलिस की सुयुक्त कार्रवाई में एटीएम स्वैपिंग गिरोह के 4 आरोपी गिरफ्तार किए गए है। जिनके पास से 1लाख 50 हजार नगदी, चार कारें व कई एटीएम कार्ड बरामद हुए है। पुलिस ने कई सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद उत्तरप्रदेश और हरियाणा से इन अंर्राज्यीय ठगों को गिरफ्तार किया है।




### आरोपियों द्वारा ठगी के मामले

यह की पूर्व में भी 28 जून 25 को फरियादी रामगोपाल यादव निवासी करनवास से 35,000 रुपये एटीएम बदलकर ठगी की घटना की थी जिसमे आरोपीगणो शराफत खान, नासिर खान को घाघोट थाना चांद हट जिला पलवल हरियाणा से गिरफ्तार कर ठगी के 35 हजार रुपये बरामद किये जा चुके हैं।

10 जुलाई 25 को फरियादी सुखवीर सांसी निवासी कडिया से धोकाधडी पुर्वक एटीएम बदलकर आरोपीगणो ने 40 हजार रुपये की ठगी की थी जिसमे भी आरोपीगणो को गाजिया बाद उत्तप्रदेश से गिरफ्तार कर ठगी के 40 हजार रुपये बरामद किये जा चुके हैं।

9 सितंबर 25 को फरियादी कृष्णमुरारी निवासी दादरा उत्तरप्रदेश से 35 हजार रुपये धोकाधडी पुर्वक एटीएम बदलकर आरोपीगणो ने 35 हजार रुपये की ठगी की थी जिसमे भी जिला हिसार हरियाणा के आरोपीगणो को गिरफ्तार कर ठगी के 35 हजार रुपये बरामद किये जा चुके हैं।

थाना सारंगपुर अंतर्गत 28 जून 25 को फरियादी से 19 हजार रुपये की ठगी एटीएम बदलकर की गई थी जिसमे भी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपगणो को घाघोट थाना चांदहट जिला पलवल से गिरफ्तार कर अपराध मे प्रयुक्त अर्टिगा कार व ठगी की रकम 19 हजार रुपये बरामद किये जा चुके हैं।

### ये हैं गिरफ्तार किए गए आरोपी

यह सभी आरोपियों के अपने अपने काम थे जो वह मिलकर पूरा करते थे किसी का काम उपभाक्ताओं का पिन देखना थ तो किसी का काम गाडी तैयार रखने का था कोई पुलिस की जानकारी देने का काम करता था।

विवेक चैहान ,कासगंज
अतुल यादव, जलालपुर साथल जिला एटा
ऋषभ सिसोदिया, जिला एटा
सचिन लोधी, नगला जिला एटा

## 7.5 डिग्री रिकॉर्ड किया

# तापमान में धीरे-धीरे हो रही बढ़ोतरी, पर हल्की शीतलहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

इस हफ्ते की शुरुआत में जिले का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सीयस के आसपास पहुंचते हुए देश में सबसे कम रिकार्ड हुआ था। लेकिन, धीरे-धीरे तापमान में हल्की उछाल आई है। गुरुवार को जिले का न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री दर्ज किया गया ऐसे में सर्दी से हलाकान लोगों ने कुछ हद तक राहत की सांस ली। हालांकि, सर्द हवाओं का दौर जिले में अभी भी जारी है और चैबीसों घंटे कोल्ड वेव के चलते दिन में भी अलाव जलते हुए देखे जा रहे हैं। मौसम के जानकारों का कहना है कि अभी कुछ दिन और ऐसे ही शीतलहर चलती रहेंगी लेकिन उसके बाद तापमान में ज्यादा गिरावट देखने मिल सकती है।

**बीते एक हफ्ते में जिले का तापमान**
(तापमान डिग्री/सेल्सियस में)

| दिनांक | न्यूनतम |
|---|---|
| 20 नवंबर | 7.5 |
| 19 नवंबर | 6.5 |
| 18 नवंबर | 5.8 |
| 17 नवंबर | 5.0 |
| 16 नवंबर | 6.0 |
| 15 नवंबर | 6.5 |
| 14 नवंबर | 8.2 |

### फसलों के लिए अनुकूल बताया जा रहा मौसम

शीतलहर में कमी और तापमान में बढ़त के चलते रबी सीजन की मुख्य फसल गेहूं के लिए यह मौसम अनुकूल बताया जा रहा है। साथ ही चना, धनिया व रबी की अन्य उपज के लिए भी यह लाभकारी सिद्ध होगा।

# कलेक्टर अवकाश पर, बीडीए सीईओ को मिल गया अतिरिक्त प्रभार

## प्रभार ग्रहण करने के उपरांत एसआईआर की प्रगति जानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा 9 दिवसीय अर्जित अवकाश पर गए हैं। ऐसे में प्रशासकीय कार्यसुविधा की दृष्टि से भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) के सीईओ श्री श्यामबीर को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ राजगढ़ कलेक्टर का अतिरिक्त प्रभार सामान्य प्रशासन विभाग ने सौंपा है। श्री श्यामबीर द्वारा राजगढ़ कलेक्टर का पदभार गृहण करने के उपरान्त सबसे पहले जिले में चल रहे मतदाता सूचियों के गहना पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने राजगढ़ विधानसभा की देवझिरी पंचायत पहुंचकर एसआईआर कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित बीएलओ से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर एसडीएम सुश्री ज्योति राजोरे, तहसीलदार अनिल शर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने निवार्चन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एसआईआर कार्य में जरा भी लापरवाही न बरती जाए।

# मानस स्कूल के 3 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय हैंडबॉल में कुक्षी धार के लिए हुआ चयन



**ब्यावरा।** 18 से 23 नवंबर कुक्षी धार में आयोजित मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय शालेय हैंडबॉल 14 वर्ष बालक बालिका के लिए मानस स्कूल ब्यावरा में अध्यनरत कक्षा 8 वी के छात्र लक्की सिंह राजपूत पिता यशवंत सिंह, पलक परिहार पिता अनिल परिहार, दिव्यांश यादव पिता बद्रीलाल यादव का चयन भोपाल संभाग की टीम में हुआ है 26 सितंबर को रायसेन में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में राजगढ जिले की टीम में शामिल होकर अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन के दौरान तीनो विद्यार्थियों का राज्य स्तर पर चयन हुआ है इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष महेश अग्रवाल, प्राचार्य आर एस राजपूत ,कोच विद्या चैहान खेल शिक्षिका निकिता जोशी सहित समस्त विद्यालय परिवार ने बधाई दी और खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अवैध कॉलोनियों में खरीदी बिक्री पर कागजी रोक

## डायवर्सन विहीन कृषि भूमि पर भूखंड बिक्री नामांतरण का खेल जारी, कलेक्टर की रोक के बाद भी नामांतरण चर्चा में



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

नगरीय सीमा में रेलवे स्टेशन के सामने स्थित कन्या लक्ष्मीबाई छात्रावास के समीप पिछले लगभग तीन दशकों से अवैध कॉलोनी का निर्माण और रजिस्ट्री धड़ल्ले से जारी है मामला एक बार फिर सुर्खियों में। स्थानीय सूत्रों के अनुसार शासकीय प्रतिबंधों के बावजूद जमीन की रजिस्ट्री नामांतरण हो रहा है। हालात यह है की कलेक्टर द्वारा रोक लगाए जाने के बाद भी नामांतरण की प्रक्रिया बदस्तूररूप से जारी रहने की चर्चाएं सामने आ रही हैं। नागरिकों का कहना है की कलेक्टर के निर्देश के बावजूद स्थानीय प्रशासन ने पुराने मामलों में खबर लिखे जाने तक वास्तविक जांच नहीं की और न ही नया अवैध खरीदी बिक्री सहित नामांतरण को रोका गया। परिणामस्वरूप यह पूरी कॉलोनी अब विवादित भूमि बताई जा रही है। नगर में कई चिन्हित अवैध कालोनी है ओर कुछ अवैध कालोनी है जिसकी जानकारी राजस्व अधिकारी को अभी तक नहीं है उनमें भी खरीदी बिक्री का काम जारी है।

### सरकारी राजस्व की हानि करवा रहे कॉलोनाइजर

नियम अनुसार रजिस्टार ऑफिस में कोई भी भू-स्वामी तीन प्लॉट से ज्यादा नहीं बेच सकता। लेकिन हकीकत में कॉलोनाइजर औने-पौने दाम पर विवादित कृषि भूमि खरीद 1000 से 3500 रुपए वर्ग फीट से प्लॉट बेच रहे हैं। रजिस्ट्री के मान से तहसील में नामांतरण हो रहें है। साथ ही तहसील से नामांतरण के साथ ही नगर परिषद में नामांतरण निर्माण मंजूरी मिल जाती है। सभी दस्तावेजों के आधार पर निजी बैंक से लोन मिल जाता है। यह सभी काम कॉलोनाइजर खुद करवा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार नगरीय क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक अवैध कॉलोनियों में रजिस्ट्री, नामांतरण की प्रक्रिया जारी हैं।

### पहले से बनीं कॉलोनियों में नहीं हैं सुविधाएं

जो कॉलोनी अवैध वहां बनाई जा रही थी सड़क कुछ समय पहले ऐसा ही मामला अवैध कॉलोनी में देखने को मिला था। इस कॉलोनी में बिजली, पानी नपा द्वारा दिया जा रहा है। वहीं कुछ समय पहले नगर पालिका द्वारा अवैध कॉलोनी चिह्नित होने के बावजूद सीसी रोड बना दिया गया। सूत्रों की मानें तो अवैध कॉलोनियों के इस खेल में नेताओं सहित कुछ कर्मचारियों की पार्टनरशिप है। इसी के चलते नगर की अवैध कालोनियों का सर्वे करने की हिमत प्रशासन नहीं जुटा पा रहा है। कुछ अवैध कालोनियों में प्रधानमंत्री आवास भी दे दिए गए है। स्थानीय नागरिकों ने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि शासकीय भूमि सहित अवैध कालोनी में, रजिस्ट्री और नामांतरण की प्रक्रिया को लेकर उच्च-स्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मग की है ताकि भविष्य में ऐसी अनियमितताओं पर रोक लग सके। नगर में नगर पालिका ने 23 अवैध कॉलोनी चिह्नित की है वहीं लगभग 90 कालोनी चर्चा में है इसके अलावा ओर भी अवैध कालोनी है जिसकी जानकारी प्रशासन को नहीं है अगर बारीकी से जांच हो तो सब सामने आ जाएगा।

### इनका कहना है...

उच्च अधिकारी के निर्देश पर अवैध कॉलोनी के नामांतरण पर रोक लगी हुई है रही बात छात्रावास के पास की भूमि के नामांतरण की तो रिकॉर्ड देखकर ही बता पाऊंगा,
**आकाश शर्मा**, तहसीलदार सारंगपुर,

# सुठालिया में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में तेजी



**सुठालिया।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के तहत आज सुठालिया में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंत्री नारायण सिंह पंवार ने भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं साथियों के साथ विस्तृत चर्चा कर आगे की कार्ययोजना पर मार्गदर्शन दिया।मंत्री पंवार ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में शामिल होना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर अधिक सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।मंत्री पंवार ने कहा कि एसआईआर-2025 के दौरान सभी अधिकारी और कार्यकर्ता पूर्ण निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करें, ताकि विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची सटीक, अद्यतन और व्यापक रूप से तैयार हो सके।बैठक में विधानसभा संयोजक नारायण सिंह सालरियाखेडी, मानसिंह,भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह चैहान,मनोज शर्मा ओमप्रकाश पालीवाल आकाश अग्रवाल पदाधिकारी, बूथ प्रभारी उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यकर्ता बीएलओ के साथ जाकर भरवा रहे एसआईआर फार्म



सारंगपुर। निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को गति देने के उद्देश्य से भाजपा कार्यकर्ता बीएलओ के साथ मिलकर घर-घर पहुंचकर मतदाता संबंधी फार्म भरने में सहयोग कर रहे हैं। नगर के वार्ड क्रमांक 16 में बुधवार को चलाए गए इस अभियान के दौरान उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली, जहाँ भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, बीएलओ भगवान सिंह पुष्पद, राजेंद्र शर्मा तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता मालवीय सक्रिय रूप से मौजूद रहे। अभियान के दौरान टीम ने घर-घर जाकर पात्र नागरिकों से संपर्क किया, मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, त्रुटियों को सुधारने तथा पते के परिवर्तन जैसी प्रक्रियाओं की जानकारी दी। साथ ही 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को अपना नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया।

## वास्को कंपनी की लगातार मिल रही हैं शिकायतें

# सीटी स्कैन की मनमानी पर सीएस ने कसा शिकंजा




**ब्यावरा।** जिला अस्पताल में अपनी मनमानी का पर्याय बनी वास्को सीटी स्केन पर अब सिविल सर्जन ने जनहित में शिकंजा कस दिया है। सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा ने कंपनी के स्थानीय प्रभारी को एक पत्र जाारी करते हुए स्पष्ट किया है कि प्रत्येक मरीजों को सीटी स्केन की फिल्म देना सुनिश्चित करें और ओपीडी के आधार पर ही गंभीर व आपातकालीन मरीजों का सीटी स्केन किया जाए। उल्लेखनीय है कि वास्कों कंपनी सालों से जिला अस्पताल में अपनी मानमानी कर मरीजों की मल्टीपल सीटी स्केन करती रही है जिसकी शिकयते भी प्रबंधन के पास पहुंची थी। ऐसे में सिविल सर्जन ने आम जनता के हित में कदम उठाया है जिससे मरीजों को राहत जरूर मिलेगी साथ ही गलत तरीके से हो रही सीटी सकेन पर लगाम लगेगी।

# बाइक सवार सभी अधिकारी, कर्मचारियों के लिए हेलमेट अनिवार्य : एसपी

## सड़क एवं यातायात सुरक्षा समिति की बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



जिले में बड़ते हादसों को लगाम कसने गुरुवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी भोपाल विकास प्राधिकरण एवं प्रभारी कलेक्टर श्यामबीर की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभागार में जिला यातायात सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक अमित तालोनी ने बाईक से सफर करने वाले सभी अधिकारी, कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश प्रसारित किए कि 21 नवंबर यानिकी आज से सभी को हेलमेट पहनकर ही दफ्तर आना है।

उन्होंने कहा कि हेलमेभ्ट पहनकर कार्यालय न आने वाले आने वाले अधिकारी, कर्मचारियों पर चालानी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंनने यह भी निर्देशित किया कि सभी विभाग प्रमुख अपने अधीनस्थ अमले को उक्त निर्देशों का कढ़ाई से पालन करवाना सुनिश्चित करवाएं। बैठक में पुलिस अधीक्षक तोलानी ने बताया कि जिले में लगभग 9 हजार टैक्टर-ट्रॉलियां हैं। सभी टैक्टर-ट्रॉली में रेडियम लगाने हेतु अभियान चलाया जाए। अक्सर देखने में आया है कि अधिकतर दुर्घटनाऐं टैक्टर-ट्रॉली से हुआ करती हैं। ऐसे में एसपी ने रोस्टर बनाकर पहले यह अभियान कृषि उपज मंडियों से शुरू करने की बात कही। साथ ही उन्हों ने कहा कि जिस ग्राम पंचायत में शत प्रतिशत टैक्टर-ट्रॉली में रेडियम लगा रहेगा, उस ग्राम पंचायत को सरपंच को राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त या 26 जनवरी पर सम्मानित किया जाएगा।

### गोवंश को गोशालाओं में भेजने के निर्देश

बैठक में उन्होंने कहा कि दुर्घटना हॉट स्पॉट क्षेत्र से निराश्रित गोवंश को हटाने के लिए पशु पालन विभाग, ग्राम पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, पुलिस विभाग अभियान चलाकर गायों को हटाकर गोशालाओं में शिफ्ट करने का काम करेंगे। बैठक में अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चैहान सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# मनचलों पर कार्रवाई को लेकर युवक कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

## स्कूल और कोचिंग छूटने के समय गुंडागर्दी व बुलेट से चलाते है पटाखे



**ब्यावरा।** नगर में सुदामा नगर अपना नगर में दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे अपराध जैसे की बुलेट से पटाखे फोड़ना एवं ग्रुप बनाकर दादागिरी करना एवं स्कूल और कोचिंग के समय पर लड़कियां जब कोचिंग और स्कूल के लिए निकलती है तब आगे पीछे से गाड़ियां रफ्तार से निकलना इन सब समस्याओं को लेकर अपना नगर सुदामा नगर एवं सभी क्षेत्रवासी की आवाज बनकर छात्र-छात्राएं के मन में भाई का माहौल बनता जा रहा है ऐसे मनचले लड़कों पर कार्यवाही करने के लिए युवक कांग्रेस ने आज ब्यावर सिटी थाना महोदय वीरेंद्र धाकड़ जी को ज्ञापन सौंपा एवं 15 दिन का अल्टीमेटम दिया अगर 15 दिन के अंदर ऐसे मनचले लड़कों पर उचित कार्यवाही अगर नहीं होती है तो युवा कांग्रेस आंदोलन के लिए तैयार रहेगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की रहेगी इस अवसर पर युवा कांग्रेस के संयुक्त नेतृत्व जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस शिव दांगी बारवा जिला सचिव अर्पित शर्मा एवं राजू सोंधिया ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस ब्यावरा उपस्थित रहे।

# छापीहेड़ा में कला उत्सव के अंतर्गत बाल मेला आयोजित

**छापीहेड़ा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, छापीहेड़ा में आज कला उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत बाल मेले का भव्य आयोजन किया गया। विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता, प्रबंधन कौशल एवं नवाचार को प्रदर्शित करते हुए विविध प्रकार के स्टॉल लगाए। मेले में खाद्य सामग्री, खेल-कूद, विज्ञान मॉडल, पर्यावरण जागरूकता, हस्तशिल्प, गृह-विज्ञान तथा सजावटी वस्तुओं के स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। सभी स्टॉलों का संचालन छात्राओं ने स्वयं किया, जिससे नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क एवं आर्थिक समझ का उत्कृष्ट विकास हुआ। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि आस-पास के विद्यालयों के छोटे-छोटे बच्चे तथा छात्राओं के साथ उनके छोटे बहन-भाई भी बाल मेले का आनंद लेने पहुंचे, जिससे वातावरण अत्यंत उत्साहपूर्ण और जीवंत बना।

# महिला उद्यमिता दिवस पर कॅरियर मार्गदर्शन आयोजित



**जीरापुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ कार्यक्रम शासकीय महाविद्यालय में महिला उद्यमिता दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ हिमांशु चाष्टा की अध्यक्षता में सरकारी योजनाओं और नीतियों की जानकारी एवं सहकारी क्षेत्र में सफल महिला उद्यमी विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अरुण कुमार साकेत, अफसर खान (एबीएम) ग्रामीण आजीविका मिशन ब्लॉक जीरापुर की सहभागिता रही। तथा मुख्य वक्ता के रूप मे प्रगति पुष्पद एवं वंदना दांती उपस्थित हुए। अरुण कुमार साकेत ने ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को दिए गए स्वरोजगार एवं स्वयं सहायता समूह के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही अफसर खान के द्वारा समझाया गया कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से युवाओं एवं युवतियों को प्रशिक्षण हेतु ग्रामीण आजीविका मिशन किस प्रकार मदद करती है जिससे महिलाऐं किस प्रकार स्वयं सहायता समूह के माध्यम से अपना उद्यम स्थापित कर सकती है। प्रगति पुष्पद ने महिला उद्यमियों के द्वारा चलाए गए लघु एवं कुटीर उद्योगों के बारे में बताया। इस मौके पर ग्रंथपाल पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार कार्यक्रम प्रभारी कपिल वैष्णव, डॉ ओम प्रकाश गुप्ता, डॉ रीना पाटीदार, डॉ महेश नरवरिया, डॉ कमल सिंह अहिरवार, ललित शर्मा, मुकेश कुमार सेन, मंगल सिंह झाला, केतन गुप्ता, अनुपम आचार्य, इंदर सिंह गुर्जर एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।